एक नजर में

महापौर ने दिलाई ग्रीन सिटी बनाने की शपथ

इंदौर . महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार को बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम पर अपने महापौर कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ . स्वामी चेतन स्वरूप एवं हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में देश के कोने-कोने से आए सौ से अधिक संतों के सानिध्य में नागरिकों को शहर को एक बार फिर स्वच्छता में नंबर वन बनाने, क्लीन सिटी के साथ ग्रीन सिटी बनाने, पर्यावरण संरक्षण, वाटर रिचार्जिंग, डिजिटल एवं सोलर सिटी बनाने जैसे संकल्प दिलाए . संस्था मातरम और अखंड धाम आश्रम समिति की ओर से भावेश दवे एवं हरि अग्रवाल ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आश्रम पर चल रहे ओम नम : शिवाय अखंड जाप संकीर्तन में भी भागीदारी की और आश्रम स्थित शिव मंदिर एवं अन्य देवालयों में प्रतिवर्षानुसार परम्परागत पूजा अर्चना कर संतों से आशीर्वाद भी प्राप्त किए . कार्यक्रम में संत राजानंद के सानिध्य में महापौर प्रतिनिधि भारत पारख, मुकेश शर्मा, मुन्ना शाह, धर्मेश यादव, विशाल शर्मा सहित अनेक समाजसेवी संस्थाओं एवं मातृशक्तियों ने भी महापौर का अभिनन्दन किया . संचालन हरि अग्रवाल ने किया और आभार माना भावेश दवे ने .

भक्ताम्बर में प्रेम व अपनत्व बढ़ाने का मिला संदेश

इंदौर . संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत नरसिंह वाटिका में विराजित अनुष्ठान आराधिका साध्वी डॉ . कुमुदलता महाराज साहब के सान्निध्य में गुरुवार को भक्तामर स्तोत्र की 21वीं गाथा का भव्य एवं दिव्य अनुष्ठान संपन्न हुआ . अनुष्ठान के दौरान भक्तामर स्तोत्र की 21वीं गाथा का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि इस गाथा की आराधना से परिवार, समाज तथा सांसारिक संबंधों में प्रेम, विश्वास और अपनत्व की भावना सुदृढ़ होती है . भाई-बहन, पति-पत्नी, माता-पिता और परिवार के अन्य रिश्तों में मधुरता बढ़ती है तथा मन में करुणा, समर्पण और सौहार्द का विकास होता है . उन्होंने कहा कि जहां प्रेम और आत्मीयता होती है, वहीं वास्तविक धर्म जीवंत होता है . आज के अनुष्ठान के सहयोगी लाभार्थी परिवारों में श्रीमती चन्द्रकला, रवीन्द्रजी-ज्योतिजी, पुष्पेन्द्रजी-अंजलीजी बोहरा परिवार, विष्णु मदनलाल प्रजापत (पालदा नाका, इंदौर) तथा कमल-सुमीत जैन पोरवाल (कोटा) रहे . प्रवचन सभा के दौरान तपस्या का क्रम भी निरंतर गतिमान रहा। योगिता पीपाड़ा एवं सरोज जैन भाटेवरा ने 10 उपवास पच्चखाण ग्रहण किए। इसके अतिरिक्त दो एवं तीन उपवास सहित अनेक तपस्वियों की तप आराधना निरंतर जारी है . धर्मसभा का संचालन जिनेश्वर जैन ने किया .

संस्कृति और वैचारिक विमर्श को दिया महत्व

इंदौर . श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति 'वीणा' संवाद केन्द्र द्वारा 'वीणा की शताब्दी और दोहा विधा' तथा 'वीणा की शताब्दी और साहित्यिक समाचार' विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया . विषय प्रवर्तन 'वीणा' के संपादक राकेश शर्मा ने कहा कि 'वीणा' पत्रिका ने साहित्य और संस्कृति दोनों का संवर्धन किया है, जिसके परिणामस्वरुप जो आज शताब्दी के शिखर को स्पर्श करने जा रही है . प्रभु त्रिवेदी ने 'वीणा' पत्रिका के आदिकाल में प्रकाशित दोहों से अपनी बात आरंभ करते हुए अभी तक इस विधा को पूरा सम्मान देने वाली पत्रिका का जिक्र किया . 'वीणा की शताब्दी और साहित्यिक समाचार' विषय पर प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने कहा कि 'वीणा' पत्रिका में अपने समाचारों में इतिहास, संस्कृति और वैचारिक विमर्श को महत्व दिया . अध्यक्षीय उद्बोधन समिति के प्रधान मंत्री अरविन्द जवलेकर ने 'वीणा' के शताब्दी सन्दर्भ कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला . संचालन वीणा संवाद केन्द्र की संयोजक अंतरा करवडे ने किया . आभार प्रदीप नवीन ने माना .

संदीप राशिनकर को क्षितिज कला शिखर सम्मान

इंदौर . लघुकथा विधा की प्रतिष्ठित संस्था क्षितिज ने शहर के चित्रकार संदीप राशिनकर को अपने सर्वश्रेष्ठ सम्मान क्षितिज कला शिखर सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया है . संस्था के अध्यक्ष सतीश राठी ने बताया कि संदीप के दीर्घ राष्ट्रव्यापी कला अवदान और कला क्षेत्र में उनके चर्चित नवाचार के लिए उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है . उल्लेखनीय है कि देश भर में जीवन गौरव के अलावा अनेकों सम्मानों से सम्मानित संदीप की कला साधना को हाल ही में दिल्ली , मुंबई और पुणे में विशेष रूप से सम्मानित किया गया है . राठी ने बताया कि संस्था द्वारा निकट भविष्य में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय लघुकथा सम्मेलन में उन्हें सम्मानित किया जाएगा .

मेडिकल एक्सपो इंडिया का आज से आगाज

इंदौर . ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 7 अगस्त से 17वें मेडिकल एक्सपो इंडिया 2026 का शुभारंभ होगा . यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 7 से 9 अगस्त तक आयोजित की जाएगी . एक्सपो में देशभर की मेडिकल उपकरण निर्माता कंपनियां, डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी, अस्पतालों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने वाली कंपनियां तथा हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे ।प्रदर्शनी में आधुनिक चिकित्सा उपकरण, अस्पतालों में उपयोग होने वाली नई तकनीक, डायग्नोस्टिक मशीनें, मेडिकल डिवाइस, लैब उपकरण, हेल्थकेयर आईटी समाधान और फार्मा क्षेत्र से जुड़े उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे .

क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी के 4 .75 करोड़ वापस दिलवाए

फर्जी बैंक खातों पर कार्रवाई, 200 से ज्यादा हैक सोशल मीडिया अकाउंट रिकवर

नव भारत न्यूज

इंदौर. ऑनलाइन ठगी के शिकार लोगों के लिए क्राइम ब्रांच इंदौर ने इस साल बड़ी राहत दी है. जनवरी से जुलाई 2026 तक साइबर फ्रॉड की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4 करोड़ 75 लाख 17 हजार 352 रुपए की राशि पीड़ितों को वापस कराई है. इस दौरान पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे हजारों फर्जी बैंक खातों को फ्रिज कराया, जबकि हैक किए गए 200 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट रिकवर कराए हैं.

इस साल जुलाई तक मिली साइबर ठगी की हजारों शिकायतों में फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राशि होल्ड कराने और वापस कराने के प्रयास किए. जनवरी में 36 लाख 46 हजार 49 रुपए, फरवरी में 91 लाख 95 हजार 726 रुपए, मार्च में 59 लाख 5 हजार 830 रुपए, अप्रैल में 49 लाख 29 हजार 971 रुपए, मई में 47 लाख 31 हजार 255 रुपए, जून में 40 लाख 88 हजार 96 रुपए और जुलाई में सबसे अधिक 1 करोड़ 50 लाख 20 हजार 425 रुपए पीड़ितों को वापस कराए. पुलिस जांच में सामने आया है कि साइबर ठग अब नए नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं. ऑनलाइन ट्रेडिंग, गेमिंग, वर्क फ्रॉम होम और टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. वहीं डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फर्जी पुलिस, कस्टम और सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के जरिए डराने के मामले भी बढ़े हैं.

इसके अलावा एआई तकनीक का इस्तेमाल कर आवाज और चेहरे की नकल कर परिचित या रिश्तेदार बनकर पैसे मांगने की शिकायतें भी मिली हैं. फर्जी लोन ऐप, बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट कराने, बिजली बिल कटने का डर दिखाने और सोशल मीडिया पहचान चुराकर ठगी करने के मामलों में भी पुलिस ने कार्रवाई की है. क्राइम ब्रांच ने लोगों से अपील की है कि अनजान कॉल, लिंक और ऐप के माध्यम से अपनी बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करें तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं.

बैंक संबंधी जानकारी किसी को न देवें ...

साइबर ठगी के मामलों में तत्काल शिकायत मिलने पर पुलिस राशि होल्ड कराने और पीड़ितों को वापस दिलाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है . लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है . किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ऐप पर बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए . **- एडिशनल डीसीपी क्राईम, राजेश दंडोतिया**

फ्लैट में बैठकर चला रहा था ऑनलाइन सट्टे का नेटवर्क, पुलिस ने ऑपरेटर को दबोचा

नव भारत न्यूज

इंदौर. किराए के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी इंटरनेट और मोबाइल के जरिए ग्राहकों को जोड़कर ऑनलाइन बेटिंग करा रहा था. पुलिस ने मौके से नकदी सहित बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया हैं.

कैट रोड स्थित ट्रेजर फैंटेसी कॉलोनी के एक फ्लैट में ऑनलाइन सट्टा संचालित किए जाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी, जहां राहुल निम्बोला पिता प्रवीण निम्बोला निवासी राजेंद्र नगर मिला. तलाशी लेने पर उसके पास से 40 हजार 350 रुपए नकद, दो लैपटॉप, नौ एंड्रॉइड मोबाइल, सात एटीएम कार्ड और वाई फाई मोडेम बरामद किया. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम पर जेएमडी पैनल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे से जुड़े लोगों को जोड़ता था.

इसके बाद व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर दांव लगवाए जाते थे. डीसीपी जोन 1, नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. पकड़े गए आरोपी से नेटवर्क और उससे जुड़े लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

प्रेमिका के माता-पिता की हत्या करने वाले को दोहरी उम्रकैद

नव भारत न्यूज

इंदौर. एरोड्रम क्षेत्र के रुक्मणी नगर में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका के माता पिता की हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. वर्ष 2020 के इस सनसनीखेज हत्याकांड में आरोपी ने दंपती की धारदार हथियार से हत्या की थी. अदालत ने हत्या के दो मामलों में उम्रकैद के साथ अन्य धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 33 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है.

28 वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार रघुवंशी की अदालत ने थाना एरोड्रम के विशेष प्रकरण में आरोपी डीजे उर्फ धनंजय उर्फ शुभांशु यादव उम्र 25 साल, निवासी गांधीनगर को दोषी ठहराया. कोर्ट ने हत्या के मामले में दोहरे आजीवन कारावास, घर में घुसकर वारदात करने और लूट के प्रयास से जुड़े मामलों में 10 और 7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा आर्म्स एक्ट में एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई. अभियोजन के अनुसार, 16 दिसंबर 2020 की रात रुक्मणी नगर स्थित मकान में ज्योतिप्रसाद शर्मा और उनकी पत्नी नीलम शर्मा की हत्या कर दी गई थी. सुबह उनका बेटा घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे पर ताला लगा मिला. खिड़की से देखने पर दोनों खून से लथपथ हालत में मिले, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. जांच के दौरान पुलिस को घर से एक लिखा हुआ पेज मिला था, जिसमें माता पिता की हत्या करने की बात लिखी थी. सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति घर में आते जाते दिखाई दिया. परिजनों से पूछताछ में उसकी पहचान मृतक की नाबालिग बेटी के दोस्त धनंजय के रूप में हुई. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल धारदार हथियार और घटना के समय पहने कपड़े जब्त किए. जांच में मिले अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया, मामले में अभियोजन की ओर से 25 गवाहों के बयान कराए. अदालत ने अभियोजन के तर्कों और प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए आरोपी को दोषी मानकर सजा सुनाई.

प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया ...

यह प्रकरण जघन्य एवं चिन्हित मामलों की श्रेणी में शामिल था . अभियोजन की ओर से मामले के प्रत्येक पहलू को न्यायालय के समक्ष प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई है . **- राजेंद्र सिंह भदौरिया, उपसंचालक अभियोजन, जिला इंदौर**

मोटरसाइकिल से गिरे छात्र को पुलिस जवानों ने सीपीआर देकर बचाई जान

नव भारत न्यूज

इंदौर. कावड़ यात्रा की पेट्रोलिंग कर रहे राऊ और राजेंद्र नगर थाने के पुलिस जवानों की सतर्कता से बाइक से गिरकर बेहोश हुए एक छात्र की जान बच गई. जवानों ने मौके पर पहुंचकर छात्र को सीपीआर दिया और समय रहते अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार शुरू किया. दो छात्र बाइक से अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान पीछे बैठा छात्र अचानक चलती बाइक से नीचे गिर गया और बेहोश हो गया था. घटना के समय क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे राऊ थाने के प्रधान आरक्षक बलराम चौहान और राजेंद्र नगर थाने के राहुल बोर्डिया व विवेक प्रजापति की नजर छात्र पर पड़ी. जवानों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छात्र की स्थिति संभाली. प्रधान आरक्षक बलराम चौहान और राहुल बोर्डिया ने छात्र को प्राथमिक उपचार देते हुए सीपीआर देना शुरू किया. कुछ देर बाद छात्र की स्थिति संभली तो पुलिसकर्मियों ने ऑटो रिक्शा की व्यवस्था कर उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने समय पर इलाज मिलने से छात्र की हालत में सुधार बताया.

एमडी ड्रग्स सप्लाई मामले में फरार शाहिद मंसूरी गिरफ्तार, क्राइम ब्रांच ने दबोचा

इंदौर. एमडी ड्रग्स सप्लाई मामले में फरार चल रहे आरोपी शाहिद मंसूरी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है. आरोपी पिछले मामले में सामने आने के बाद से पुलिस की पकड़ से बच रहा था. जांच में उसका नाम 11.4 ग्राम एमडी ड्रग्स की बरामदगी से जुड़े प्रकरण में सामने आया था.

पुलिस अब उससे ड्रग्स नेटवर्क के अन्य लोगों और सप्लायरों के संबंध में पूछताछ कर रही है. क्राइम ब्रांच द्वारा पूर्व में आजाद नगर में रहने वाले अल्फेज खान को गिरफ्तार किया था. उसके कब्जे से 11.4 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए बताई गई थी. पूछताछ और जांच के दौरान शाहिद मंसूरी निवासी फिरदौस नगर, ताज नगर की भूमिका सामने आई थी. इसके बाद से शाहिद लगातार फरार चल रहा था. क्राइम ब्रांच की टीम उसकी तलाश में जुटी थी. मुखबिर सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. शाहिद एसी सुधारने का काम करता है.

जांच में सामने आया है कि वह मादक पदार्थों की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क में शामिल था. डीसीपी क्राइम ब्रांच, राजेश त्रिपाठी ने बताया कि एमडी ड्रग्स मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत, सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है. जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी किन लोगों के संपर्क में था और ड्रग्स की सप्लाई कहां से होती थी. शाहिद के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं.

शादी का झांसा देकर शोषण और 8 लाख रुपए लेने का आरोप

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुणे की टीसीएस कंपनी में काम करने वाली युवती की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, रुपए लेने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है. युवती ने आरोप लगाया है कि युवक ने उससे करीब 7 से 8 लाख रुपए लिए और बाद में शादी से इनकार कर दिया.

युवती ने शिकायत में बताया कि अप्रैल 2025 में पुणे की चोपाटी पर उसकी मुलाकात शाहरुख बैग से हुई थी. बातचीत के बाद दोनों में दोस्ती हुई और युवक ने उससे शादी करने की बात कही. युवती का आरोप है कि युवक उसे अपने परिवार से मिलाने के बहाने 15 मई 2025 को पुणे से देवास लेकर गया था. शिकायत में युवती ने बताया कि घर पर कोई मौजूद नहीं था. आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद पुणे आने पर भी कई बार इसी तरह संबंध बनाए. युवती ने आरोप लगाया कि युवक धीरे धीरे उससे रुपए लेने लगा और शादी के बाद सब कुछ एक होने की बात कहकर करीब 7 से 8 लाख रुपए ले लिए. नवंबर 2025 में पैसों के लेनदेन को लेकर पुणे में एग्रीमेंट भी कराया था.

पुणे में नौकरी करने वाली युवती ने दर्ज कराई शिकायत

एफआईआर के मुताबिक, 17 मई 2026 को युवती दोबारा युवक से मिलने देवास पहुंची और शादी करने की बात कही, लेकिन युवक ने इनकार कर दिया. युवती का आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने गाली गलौज की और जान से खत्म करने की धमकी दी. इसके बाद युवती ने अपने परिवार को पूरी घटना बताई और 6 अगस्त को भाई के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. मामले में श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह दीक्षित, मान सिंह राजावत सहित अन्य कार्यकर्ता युवती के साथ थाने पहुंचे थे. संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह लव जिहाद से जुड़ा मामला है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

कैफे और गुमटी से अवैध शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर . शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो स्थानों से शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया . राऊ में कैफे से अंग्रेजी शराब मिली, जबकि गौतमपुरा में गुमटी के पास से बीयर बरामद की गई . राऊ पुलिस ने सिलिकॉन सिटी की तीसरी गली स्थित वीआर कप्तान कैफे पर दबिश देकर 32 वर्षीय गोलू राय निवासी कृष्णा पैराडाइज कॉलोनी को पकड़ा . उसके कैफे काउंटर से विभिन्न ब्रांड की 18 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई . जब्त शराब की मात्रा करीब 13 .50 लीटर और कीमत करीब 22 हजार रुपए बताई गई . वहीं गौतमपुरा थाना पुलिस ने ग्राम फरकोदा में गुमटी के पास कार्रवाई कर 45 वर्षीय भगवान सिंह देवड़ा निवासी फरकोदा को पकड़ा . उसके कब्जे से बीयर के 18 डिब्बे (करीब 9 बल्क लीटर) जब्त किए, जिसकी कीमत करीब 3,600 रुपए बताई गई . दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई .

दायित्व और जिम्मेदारी का प्रतीक पद , इसका अभिमान ठीक नहीं

मोटिवेशनल स्पीकर गांधी ने माहेश्वरी महिला संगठन के आयोजन में कहा

इंदौर. संगठन में किसी को भी पद नहीं बल्कि दायित्व और जिम्मेदारी मिलती है इसलिए कार्यकर्त्ता को पद का घमंड नहीं करना चाहिए. संगठन के प्रमुख को प्रतिदिन किसी एक कार्यकर्ता की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करनी चाहिए. किसी भी कार्यकर्त्ता की गलती की चर्चा सार्वजनिक रूप से नहीं करना चाहिए.

यह बात मोटिवेशनल स्पीकर मधुसूदन गांधी, अमरावती ने कही. वे अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की 18 वें सत्र की राष्ट्रीय कार्यसमिति की प्रथम बैठक के द्वितीय दिवस के कार्यकर्ता प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे. आपने साथी हाथ बढ़ाना कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को कहा कि संगठन में काम करते वक्त आपको एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना यह पंक्तियां हमेशा याद रखना चाहिए. इंदौर जिला माहेश्वरी महिला संगठन के आतिथ्य में आयोजित स्वर्णिम संगम के द्वितीय दिवस कार्यसमिति बैठक एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण के विविध सत्र ज्ञान, नेतृत्व, संगठनात्मक समन्वय एवं आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुए.

संयोजक लता गट्टानी एवं रेखा काकाणी ने बताया कि विभिन्न सत्रों में प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता, टीमवर्क एवं संगठनात्मक कौशल का प्रभावी विकास किया. संचालन माधुरी सोमानी ने किया. इंदौर जिला की अध्यक्ष पुष्पा मौलसरिया, मंत्री मीनाक्षी नवाल, अन्नपूर्णा मूंदड़ा, दमयंती मनियार, पूनम मालपानी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्याओं ने अतिथियों का स्वागत किया. माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष ललिता मालपानी ने सेवा ट्रस्ट की गतिविधियों एवं विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी प्रदान की. नीलू मालपानी ने संचालन किया. पूर्व अध्यक्ष सुशीला काबरा, डिम्पल माहेश्वरी व सीमा माहेश्वरी ने बताया कि 7 अगस्त को बैठक का समापन कार्यकर्ता सम्मान के साथ होगा.

कार्यकर्ता संगठन को परिवार माने

राष्ट्रीय अध्यक्ष सौ . ज्योति राठी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में एक आदर्श कार्यकर्ता के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समर्पण, अनुशासन, सेवा, सकारात्मक सोच एवं टीम भावना ही संगठन की वास्तविक शक्ति है . उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से संगठन को परिवार मानकर पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया .

धर्म को सीमित न रखें, धर्म हमारे मरने के बाद भी जिंदा रहेगा

इंदौर . भगवान से डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे कभी किसी से नाराज होते ही नहीं हैं . भगवान का अवलम्बन लेकर हम भी अपना भाग्य बदल सकते हैं . धर्म बहुत महत्वपूर्ण तत्व है . हम सब संकल्प लें कि हमारे धर्म करने से अधिक लाभ हमारे बच्चों के धर्म करने से होगा और धर्म बचेगा . इससे धर्म की प्रभावना निरंतर बढती रहेगी . धर्म को अपने तक सीमित न रखें, धर्मात्मा बनें क्योंकि धर्म हमारे मरने के बाद भी जिन्दा रहेगा ।धर्म ही हमारे साथ जाएगा, बाकी कुछ नही।



राष्ट्रसंत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ने गुरुवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में दलाल बाग के विशाल विद्या-सुधा सत्संग मंडप में चल रहे चातुर्मास की महती धर्मसभा में उपस्थित समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए उक्त दिव्य और प्रेरक आशीर्वचन दिए . संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की महापूजा भी की गई . आचार्यश्री के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम भी हुआ . समाजसेवी अशोक-रानी डोसी ने श्रीफल अर्पित किए . शांतिधारा का लाभ विवेक जैन, मुकेश जैन, देवेन्द्र परिवार द्वारा लिया गया। संचालन सोनाली जैन और मुक्ता जैन ने किया . सभी साधकों की अगवानी चक्रवर्ती नवीन-शिवानी गोधा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद-अंतिका गोधा परिवार द्वारा की गई .

सखियों ने सीखे ध्यान और तनाव मुक्ति के गुर

इंदौर. महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की 'लव यू जिंदगी' श्रृंखला के तहत 57 सखियों ने महेश्वर के निकट सहस्त्रधारा स्थित जालकोठी आश्रम में दो दिवसीय रिट्रीट में भाग लिया. प्रकृति की गोद में आयोजित इस आयोजन में सखियों ने ध्यान, आत्म चिंतन, बोटिंग, समूह चर्चा और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से तनाव, मानसिक बेचैनी और वैचारिक उथल-पुथल से मुक्ति के प्रयास किए.

प्रकोष्ठ प्रमुख प्रतिभा मित्तल ने बताया कि सखियों को पांच समूहों—सुगंधा, मोहिनी, मेनका, अप्सरा और राधारानी—में बांटा गया था, जिनका नेतृत्व क्रमशः प्रवीणा, वैशाली, करुणा, मोनिका और नीलम ने किया। सभी समूहों ने ध्यान की विभिन्न पद्धतियों के साथ जिबरीश और ओशो कुंडलिनी ध्यान का अभ्यास किया. रात्रि में आयोजित क्रिएटिव नाइट में सखियों ने अमृत मंथन, हास्य, नृत्य, गायन और मोबाइल की बढ़ती लत जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां देकर जीवन शैली से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए. समूहों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मनोरंजन के साथ सकारात्मक संदेश भी दिए. कार्यक्रम का संयोजन शीतल अग्रवाल, अलका अग्रवाल, संगीता पाटनी और तिलोत्तमा ने किया. समापन अवसर पर प्रतिभा मित्तल ने कहा कि यह रिट्रीट केवल पिकनिक नहीं, बल्कि ध्यान, प्रेम, मित्रता, आत्मीय विकास और जीवन को उत्सव की तरह जीने की दिशा में एक सार्थक पहल थी.

एक नजर में | **अहिल्या उत्सव के अंतर्गत वक्तृत्व प्रतियोगिता संपन्न**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विवेक पूर्ण प्रयोग विनाश से बचाएगा

इंदौर. मानव के पास नैसर्गिक बुद्धि का बल है इस बुद्धि के बल पर उसने मशीनों का आविष्कार किया और आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता पूर्ण मशीनों के निर्माण में भी उसी के नैसर्गिक दिमाग का उपयोग है हालांकि इसमें मानव जीवन को आसान बनाया है सुविधा पूर्ण बनाया है कोई भी मानव सेवक पूर्णतः 24 घंटे काम नहीं कर सकता यह 24 घंटे उपलब्ध है. इस वैज्ञानिक आविष्कार से मनुष्य की निजता का हनन हो रहा है विचारों में मतभेद आ रहे हैं और विकसित विकासशील देश और गरीब देश की खाई और बढ़ती चली जा रही है.

उपरोक्त विचार आज अहिल्या उत्सव समिति द्वारा आयोजित वक्तृत्व व स्पर्धा के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों के द्वारा व्यक्त किए गए जिसका विषय था वर्तमान युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व एवं चुनौतियां. उन्होंने कहा कि डीप फेक वीडियो डाटा चोरी एआई का गलत इस्तेमाल इसमें नैतिकता का ना होना संवेदना का ना होना करुणा का ना होना मानव को यह धोखा देने के लिए पर्याप्त होता है. यह 21वीं सदी की चुनौतियां तो है ही लेकिन प्रगति के द्वारा भी खोलता है. जहां मशीनों द्वारा रोगों को तुरंत विश्लेषित करने की क्षमता हमें आती है तो शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों तक ज्ञान की पहुंच आसानी से बन सकती है. इसका इस्तेमाल हमारे ऊपर निर्भर है. हम इसके साथ आगे बढ़ना चाहते हैं इससे देश की प्रगति में योगदान दे सकते हैं यह हमारे लिए एक हमसफ़र हो सकता है लेकिन हमारा मालिक नहीं बनने देना. इसके लिए डाटा सेंटर बनाने के लिए लाखों लीटर पानी का उपयोग किया जाता है जो कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है. इससे निकलने वाले रेडिएशन भी नुकसानदायक है. इसका विवेक पूर्ण इस्तेमाल जरूरी है. इसका सुरक्षित उपयोग सीमित उपयोग ही हमें विकासपथ पर ले जा सकता है।

25 से अधिक विद्यालयों के शिक्षक हुए शामिल

प्रतियोगिता प्रमुख ज्योति तोमर एवं संयोजिका वृंदा गोड सरिता मंगवानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 25 अधिक विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया . अतिथि के रूप वैष्णव महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर परितोष अवस्थी एवं डॉ रेनू झा थी . निर्णायक के रूप में पत्रकारिता विद्यालय की प्रमुख डा .सोनाली नरगुंडे, डॉक्टर ऋषिना नातू एवं सुनील पंड्या थे . प्रथम पुरस्कार शुभम शर्मा द्वितीय पुरस्कार पवन यादव तीसरा पुरस्कार मीनल पाटिल को मिला दीक्षा महाजन विनोद गढ़वाल कृष्णा सोनी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया . संचालन वृंदा गौड ने किया . स्वागत भाषण शरयु वाघमारे ने दिया . आभार ज्योति तोमर ने माना .